**Prof. C.K. Dixit**
Proctor

**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University,**
**Lucknow.**

पत्रांक : 19 /DSMNRU/कुलानुशासक का0/2025–26 दिनाँक : 24 अप्रैल, 2025

# //आवश्यक सूचना//

प्रायः देखा गया है कि विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी कार्यक्रम हेतु अधोहस्ताक्षरी से अनुमति हेतु अनुरोध किया जाता है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष प्रो0 पी0 राजीव नयन है। अतः सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है, कि भविष्य में विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी कार्यक्रम को कराये जाने सम्बन्धित पत्र को स्थायी आयोजन समिति से अग्रसारित कराकर व कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा के साथ ही कुलानुशासक कार्यालय में आवेदन करें। अनुमति/आपत्ति व स्थान आदि तथा अन्य गाईड लाइन कुलानुशासक कार्यालय द्वारा दी जायेगी।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में सभी कार्यक्रम उपरोक्त गाईड लाइन के आधार पर कराये जायेगे। यदि किसी भी छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त गाईड लाइन का पालन नही किया जायेगा, तो उसके खिलाफ छात्र आचरण एवं अनुशासन नियमावली, 2024 के अनुसार दण्डित करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

(प्रो0 सी0के0 दीक्षित)
कुलानुशासक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. वैयक्तिक सहायक, मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता शैक्षणिक, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सिस्टम एलालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. विश्वविद्यालय के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

24/4/25

(प्रो0 सी0के0 दीक्षित)
कुलानुशासक